निबंधन संख्या पी0टी0-40

# बिहार गजट
## असाधारण अंक
## बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

28 आषाढ़ 1946 (श0)
(सं0 पटना 644) पटना, शुक्रवार, 19 जुलाई 2024

सामान्य प्रशासन विभाग

आदेश
16 जुलाई 2024

सं० 3/एम0–22/2023 सा0प्र0 11132––राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में सेवानिवृत्त एवं भविष्य में सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी सेवकों की सेवायें संविदा के आधार पर लिए जाने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.2015 द्वारा प्रक्रिया निर्धारित है। उक्त संकल्प के साथ संलग्न अनुसूची में सम्मिलित पदों पर ही संकल्प के प्रावधानों के तहत सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों का संविदा के आधार पर नियोजन किया जा सकता है।

2. (i) संकल्प की कंडिका–3(1) के प्रावधान के तहत सम्यक विचारोपरांत निम्नांकित पद को उपर्युक्त संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.2015 की अनुसूची में सम्मिलित किया जाता है–

| क्र0 सं0 | विभाग का नाम | संकल्प संख्या–10000 दिनांक–10.07.15 अनुसूची में सम्मिलित किये जाने वाले प्रस्तावित पद |
|---|---|---|
| 1. | पंचायती राज विभाग | अभियंत्रण संवर्ग के–<br>(i) जिला अभियंता। |

(ii) पंचायती राज विभाग के अधीन जिला परिषद् के अभियंत्रण संवर्ग के "जिला अभियंता" के पद पर कार्यपालक अभियंता के पद से सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों का संविदा नियोजन किया जा सकेगा।

3. उपरोक्त कंडिका–2 में उल्लिखित पद पर सेवानिवृत्त सरकारी सेवक के संविदा नियोजन हेतु संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.2015 में निहित शर्त्त एवं प्रक्रिया लागू रहेंगी एवं इस पद पर सेवा लेने के संबंध में प्रशासी विभाग द्वारा ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

आदेश से,
**गुफरान अहमद,**
सरकार के संयुक्त सचिव।

**अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,**
**बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।**
**बिहार गजट (असाधारण) 644-571+10-डी0टी0पी0**
**Website: http://egazette.bih.nic.in**